सब से बड़ी हैरानी की एक और बात है। कांग्रेस के बहुत से मित्रों तथा कम्युनिस्ट पार्टी के मैम्बरों ने चौधरी चरण सिंह की इस बात के लिए आलोचना की हैं कि उन्होंने कहा था कि वह भारत में काटेज इंडस्ट्रीज को, स्माल स्कैल इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देना चाहते हैं, जो कंज्यूमर आइटम्ज हैं और जो काटेज इंडस्ट्रीज बना सकती है उनको बड़ी इंडस्ट्रीज के बनाने पर बैन लगा देना चाहिये। उनकी इस बात पर उनको बड़ी तड़पन हुई और उन्होंने

[श्री विजय कुमार मल्होत्रा]

कहा कि इससे जो माडर्न नोहाऊ है वह खत्म हो जाएगा, भारत में बैकवर्डनेस आ जाएगी, भारत पीछे चला जाएगा। उनका तड़पना मेरी समझ में आता है। जिन पूंजीपतियों से करोड़ों रूपया ले कर जो हमेशा चुनाव लड़ते रहे हैं जो उनके जर खरीद गुलाम हैं उनकी तरफ से पूंजीपतियों की वकालत न हो यह कैसे हो सकता था। उन पूंजीपतियों पर आज अगर चोट होती है तो इनका तिलमिलाना मेरी समझ में आता है।

एक दो फिगर मैं और देना चाहता हूं। पहले प्लान में स्माल स्केल इंडस्ट्री के वास्ते 4 करोड़ 20 लाख रुपया रखा गया था और बड़ी के वास्ते 6 करोड़ 50 लाख। यानी करीब करीब बराबर दोनों के लिए पहले प्लान में प्राविजन किया गया था। लेकिन 1976-77 में पिछले साल स्माल स्केल इंडस्ट्रीज और काटेज इंडस्ट्रीज के वास्ते जहां प्लान में 95 करोड़ रखा गया वहां बड़ी इंडस्ट्रीज के वास्ते 2185 करोड़ रुपया रखा गया। बड़ी इंडस्ट्री को स्माल स्केल इंडस्ट्री से करीबन 20, 21 गुना प्रोवीजन 1976-77 में रखा गया। नेशनलाइज्ड बैंक्स ने बड़ी इंडस्ट्रीज को 90 परसेंट लोन दिया और स्माल स्केल इंडस्ट्रीज को 10 परसेंट लोन दिया। इम्पोर्ट लाइसेंस 1975-76 में छोटी इंडस्ट्री को 87 करोड़ के दिये गये जब कि बड़ी इंडस्ट्री को 620 करोड़ रु० के दिये गये। 10 परसेंट केवल इम्पोर्ट लाइसेंसेज छोटी इंडस्ट्री पर आये। छोटी इंडस्ट्री एम्प्लायमेंट देती है 60 परसेंट और बड़ी इंडस्ट्री देती है 40 परसेंट। लेकिन सारे लोन्स, इम्पोर्ट लाइसेंस स्कैरी रा-मैटीरियल बड़ी इंडस्ट्री 90 परसेंट ले जाती है। इसी कारण से गरीब और गरीब होता चला गया और अमीर और अमीर होता चला गया। इस का एक ही रास्ता है कि देश देश में जितने कन्ज्यूमर्स आइटम्स हैं यह बड़ी इंडस्ट्रीज न बनायें बल्कि छोटे छोटे सैक्टर और काटेज इंडस्ट्रीज में बनें तभी देश के अन्दर से डिस्पैरिटी खत्म हो सकती है और इकोनामिक पावर का डीसेन्ट्रेलाइजेशन हो सकता है। जो कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी के लोग बड़ी इंडस्ट्री की वकालत करते हैं और वर्ग संघर्ष के नाम पर उस को बनाये रखना चाहते हैं तो गरीबों के साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रहे हैं।

रेट आफ ग्रोथ जो चौथी प्लान में 28 परसेंट होनी चाहिये थी वह केवल 14 परसेंट हुई। 1976-77 में रेट आफ ग्रोथ 2 परसेंट रही है। रेट आफ ग्रोथ का टार्गेट जब तक 6, 7 परसेंट नहीं किया जाएगा और जब तक उस के लिये प्लान ऐक्सपेंडिचर जो बढ़ाना चाहिये वह नहीं बढ़ाया जायगा तब तक देश में से 10 साल में पूरी बेरोजगारी समाप्त करने का जो हमारा संकल्प है वह पूरा नहीं हो सकता है। इसलिये अगले साल के प्लान में इस टार्गेट को बढ़ाना पड़ेगा और रेट आफ ग्रोथ के लिये बोल्ड स्टैप ले कर 6, 7 परसेंट एक वर्ष के हिसाब से करना पड़ेगा।

कुछ दोस्तों ने शिकायत की कि हरिजनों और आदिवासियों के लिये तथा स्लम्स आदि के लिये ज्यादा रुपया नहीं रखा गया है। मैं नेशनल डेवलपमेंट काउन्सिल में 5 साल तक मैम्बर रहा हूं, मुझे मालूम है कि सब स्टैट्स इस बात के लिये आग्रह करती रहीं कि जो कुछ भी ग्रान्ट्स, उन को मिलती हैं वह सारी उनको दे दी जाय और स्टैट्स फिर आगे उन को अलग अलग सैक्टर में एलोकेट करेंगी। मैं कहना चाहता हूं कि इस पैटर्न को फौरन बदलना चाहिये क्योंकि लम्पसम ग्रान्ट और अलिस्टेम चली जाने के बाद जो स्लम डैवलर्स हैं, वीकर सैक्शन हैं, हरिजन और आदिवासी हैं उन को सब से ज्यादा नुकसान पहुंचता है। उन को स्टैट्स के अन्दर रुपया नहीं दिया जाता है। इसलिये एक स्पैसिफिक ऐलोकेशन होना चाहिये और स्टैट्स उस के अन्दर खर्च करें तभी उनको पैसा मिलना चाहिये और इसी मद के अन्तर्गत

उस पैसे को स्टट्स खर्च करें। शुरू में यही पटर्न था कि जो रुपया रखा जाता था वह सारा स्टेट्स में हरिजनों और आदिवासियों पर खर्च होता था। लेकिन जब से लम्प सम रूपया स्टेट्स को दिया जाने लगा तब से उस काम पर पैसा खर्च न हो कर अपने अपने क्षेत्रों को लोग फायदा पहुंचाने लगे। इसलिये मेरा कहना है कि इस पैटर्न को चेंज किया जाय और इस प्लान में कुछ रुपया इस के लिये रखें। वित्त मंत्री जी ने आश्वासन दिया है कि वह कुछ पैसा ढूंढ लेंगे अगर स्टैट्स कोआपरेट करने के लिये तैयार हैं तो। लेकिन स्पेसिफिक ऐलोकेशन इस के लिये जरूर हो और स्टट्स को कहा जाय कि यह रूपया इसी मद के अन्दर खर्च करना होगा तभी उन को इस के लिये असिस्टेंस मिलेगी।

मैट्रोपालिटन सिटीज में जो स्लम्स हैं उन के बारे में भी कोई स्पेसिफिक ऐलोकेशन नहीं किया गया। वह जरूर होना चाहिये और जो कांग्रेस सरकार ने कर रखा था कि जो सरकारी जमीन पर स्लम्स हैं उनमें कोरपोरेशन कोई सुधार नहीं कर सकती, इस बैन को कम से कम हटा देना चाहिये। दिल्ली, बम्बई कलकत्ता, मद्रास में सेन्ट्रल गवर्नमट की जमीनों पर नरक की जिन्दगी बिताने वाले जो लोग हैं उन के अन्दर कोई सुधार करना चाहिये। पहले सुधार करने की कोरपोरेशन या वहां की स्टैट गवर्नमट को इजाजत कांग्रेस सरकार ने बन्द कर रखी थी, जब कि बिजली, पानी, ड्रेनेज आदि देना एक इन्सानी फर्ज बनता है। इसलिये उस बैन को हटा लेना चाहिये और मैट्रोपालिटन फंड की दुबारा स्थापना की जानी चाहिये।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि कि दिल्ली के केपिटल रीजन के लिये दिल्ली के आसपास के 40 मील इलाके के विकास के लिये एक केपिटल रीजन फण्ड की भी स्थापना होनी चाहिए और उसके लिये इसमें प्रावीजन किया जाना चाहिये। क्योंकि आसपास की जो स्टेट्स हैं, उनका इन्ट्रेस्ट इस बात में नहीं है कि दिल्ली के आसपास के इलाके का डैवलपमेंट हो। दिल्ली की पापूलेशन इतनी तादाद में न बढ़ सके, जितनी बढ़ रही है, वहां पर इन्फलक्स ज्यादा न हो, उसक लिये जरूरी है कि आसपास के कस्बों और शहरों का पूरा विकास किया जाये। इसके लिए केपिटल रीजन फण्ड की बहुत जरूरत है।

सल्स टैक्स की एबोलिशन इस मुल्क के लिये बहुत जरूरी है। जनता पार्टी के मैनिफैस्टों में भी उसका जिक्र है कि हिन्दुस्तान से सेल्स टैक्स की लानत को खत्म किया जाये। सेल्स टैक्स को खत्म कर के उसको एक्साइज ड्यूटी में कन्वर्ट किया जाये जिस से कंज्युमर को और प्रोड्यूसर को, सब को फायदा हो और करप्शन पूरी तरह से इलीमिनेट हो जाये। इसके लिये मैं यह मानता हूं कि जब तक स्टेट्स नहीं मानेगी, तब तक यह काम नहीं किया जा सकता है। अगर उनको इससे नुक्सान न हो और इस से जो रुपया मिल रहा है वह और किसी रूम में मिल जाय, उसके पास रुपये की कमी हो, तो सेल्सटैक्स को पूरी तरह से एबालिश करने की जरूरत है। इसके साथ यह भी जरूरी है कि सारे टैक्स के ढांचे पर पुनर्विचार किया जाये। जिस तरह से आज टैक्स हैं, उनको सिम्पलीफाई कर के एक दो टैक्सों में कन्वर्ट किया जाये ताकि न लीकेज हो और न ब्लैक मार्केट हो सके। यह भी जरूरी है कि इन्कम के बजाये एक्सपंडीचर पर टैक्स लगाने की बात सोची जाये। इसको आप कंसोलीडेट कर सकें तो शायद बहुत आसानी इस से हो सकती है यूथ वैलफेयर के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि इसके अन्दर स्पैसेफिक तौर पर कुछ विशेष बातें सामने नहीं रखी गई हैं। कांग्रेस ने पिछले 25, 30 सालों में यूथ वैलवैयर के नाम पर कुछ नहीं किया। हिन्दुस्तान में करोड़ों नौजवान आज बेकार हैं, उनको कोई कंस्ट्रक्टिव एवेन्यूज नहीं मिल रहे हैं। उसके लिए स्पैसेफिक प्रावीजन जरूर होना चाहिए और अगले बजट में जरूर सोचना चाहिए।

[श्री विजय कुमार मलहोत्रा]

नेहरू युवक केन्द्र बनाए गए थे, उनकी इतनी बुरी हालत हुई कि पार्टी परपज के लिये उनका यूज किया गया। उनको डैन्स आफ करप्शन ऐसी जगह बना दिया गया कि जहां पर एन्टी सोशल काम होते थे। उनका मकसद खत्म हो गया। उसकी बजाए आज नौजवानों के लिए खेल कूद, सोशल सर्विस, आर्ट कल्चर आदि ऐसे कामों के लिये बजट में प्रावीजन करना बहुत जरूरी है। यह अभी हो सके तो बहुत अच्छा है, नहीं तो इसके बारे में अगले बजट में अवश्य सोचना चाहिये।

अब हिन्दुस्तान को एशियन गेम्स का मौका सन् 1982 में मिल रहा है। पहले हिन्दुस्तान में एशियन गैम्स होते रहे हैं, उसके बाद अब सातवां या आठवीं गेम्स हिन्दुस्तान में यह होने जा रहा है। मुझे लगता है कि जिस पेस से आज हम चल रहे हैं, अगर उस से ही चलते रहे, जैसे कि पिछले दो साल में इनको नैगलैक्ट किया गया है, तो बाद में हिन्दुस्तान एशियन गेम्स को कर नहीं पायेगा। यह हिन्दुस्तान के लिये बड़ी बेइज्जती और बदनामी की बात होगी कि हिन्दुस्तान को गेम्स एलाट की जाये और वह उनको यहां न कर सके। इसके लिये बजट में कोई एलोकेशन नहीं है, जिसके बिना काम चल नहीं सकता। हमें इसमें एक दिन का भी डिले नहीं करना चाहिये और इसके लिए खास प्रावीजन रखना चाहिए किएशियन गैम्स को हम हिन्दुस्तान में कर सके और उसके लिये जो इन्फ्रा स्ट्रक्चर बनाया जाए उसको पूरा किया जाए।

मैं इस बात से सहमत हूं कि पावरलूम को जो सुविधा दी गई है, वह मुनासिब नहीं है। पावरलूम को दी गई सुविधा से हैंडलूम इंडस्ट्री तबाह हो जायेगी। बड़ी इंडस्ट्रीज इन पावर लूम का सहारा लेकर इनसे माल बनवायेंगी और इस सुविधा से लाभ उठायेंगी। मुझे लगता है कि किसी गलतफहमी में यह बात हो गई है। हैंडलूम को प्रोटैक्शन मिलना चाहिए, उसको कभी भी खत्म नहीं करना चाहिये। पावरलूम को जो सुविधाएं दी गई हैं, उनके बारे में पुनर्विचार जरूर करना चाहिए।

इसी प्रकार से चैरिटेबल कार्यों के लिये दान में टैक्स एग्जैम्पशन के सम्बन्ध में दो लाख रुपए की सीलिंग को बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया है, मैं चाहता हूं कि वित्त मंत्री इस पर भी विचार करें ताकि इस प्रावीजन का कहीं मिस यूज न हो।

इस बजट में एग्रीकल्चर और खास तौर पर पीने के पानी के बारे में इन्फ्रा स्ट्रक्चर बनाने की नई बातें कही गई हैं, उनका स्वागत किया जाना चाहिए परन्तु यह कहना कि इसमें प्रावीजन बहुत कम है, हमारे साथियों को यह समझना चाहिए कि जून के महीने में कोई प्राविजन कर के फरवरी तक उसको पूरा नहीं किया जा सकता। इस तरह की कोई आइटम जिसकी प्लानिंग न हुई हो, सर्वे न हुआ हो, उसके लिये पैसा रख दे और बाद में बर्बाद हो तो यह ठीक नहीं है। यह बजट रीयलिस्टिक है और जो कुछ इसमें हो सकता था, उसको ध्यान में रखकर बड़ी समझदारी से इसको बनाया गया है परन्तु अगले वर्ष में नया बजट बनाते समय रैडिकल चैन्जेज होनी चाहिये। उस में मूलभूत परिवर्तन होना चाहिये। कांग्रेस के तीस साल के शासन में बेकारी हर साल भीषण रूप से बढ़ती रही। उस को खत्म करने के लिये हैंडलूम और स्माल-स्केल इंडस्ट्रीज के लिये एलोकेशन होना चाहिये। हमें यह तय कर देना चाहिये कि नेशनलाइज्ड बैंक बड़ी इंडस्ट्रीज को 50 परसेन्ट से ज्यादा लोन नहीं देंगे, और 50 परसेन्ट रूपया छोटी इंडस्ट्रीज को दिया जायेगा जो सेक्टर जितनी एम्पलायमेंट जेनीरेट करता है, उस को उसी हिसाब से रूपया तथा अन्य सुविधाएं मिलनी चाहिये। अगर स्माल-स्केल इंडस्ट्रीज और काटेज इंडस्ट्रीज 60

परसेंट एम्पलायमेंट जेनीरेट करती हैं, तो 60 परसेंट लोन्ज, स्केयर्स रा मैटीरियल और इम्पोर्ट लाइसेंसिज उन को मिलने चाहिये ऐसा करने पर देश की बेकारी बहुत बड़ी मात्रा में दूर हो सकती है।

बीड़ी पर ड्यूटी को बढ़ा दिया गया है, जिस का असर गरीब आदमियों पर पड़ेगा। यह ठीक है कि बीड़ी पीने से स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उस से केन्सर होता है, ऐसा लोग मानते हैं। लेकिन इस का उपाय यह है कि लोगों को समझा कर बीड़ी-सिग्रेट पीने से मना किया जाये। जो गरीब लोग इस समय बीड़ी पीते है, इस ड्यूटी के बढ़ने से उन पर बोझ बढ़ जायेगा। इस लिये अच्छा तो यह होगा कि शराब पर ड्यूटी को बढ़ा दिया जाये और बीड़ी को छोड़ दिया जाये।

इन शब्दों के साथ में वित्त मंत्री को यह बजट पेश करने के लिये बधाई देता हूं। कांग्रेस के शासन में देश में गरीबी, बेकारी, भुखमरी और डिसपैरिटीज बढ़ती रही हैं। उन को दूर करने के लिये वित्त मंत्री ने एक दिशा-निर्देश किया है। मैं आशा करता हूं कि अगले वर्ष इस सम्बन्ध में रैडिकल चेंजिज की जायेंगी।

SHRI VENUGOPAL GOUNDER (Wandiwash): Sir, I would be failing in my duty if I do not congratulate the Prime Minister and the Agriculture Minister for giving due consideration to the rural economy. Hitherto much was claimed as having been done for the agriculturists, but in actual practice, the statistics show that the benefits given by way of loans, aid etc. to industries, both small and medium and big, have been much more than the benefits given to the agriculturists. It is a big question mark whether even the benefits given to intended agriculturists actually have reached the intended persons—the small and medium farmers and the marginal farmers—who are actually engaged in agriculture. In the past, the tillers of the land have not enjoyed the benefits. The big landlords got the fruits of the benefits. This may be due to poverty, illiteracy and other factors. I request the government to plan in such a way as to enable the benefits to reach the real tillers of the land—medium or small and the marginal farmers. Then only we can improve agricultural production.

Another problem facing the agriculturists is the lack of marketing facilities. The industrialists are in a position to fix the prices of the products they produce but the agriculturist is not in that position. He is at the mercy of the middlemen who know nothing about agriculture. The government should fix the prices in such a way that they are economical to the farmer. I suggest that regulatory marketing committees should be established in each and every village. The agriculturists must get reasonable price for his produce. If the market prices are low, the government should not hesitate to purchase the produce at a reasonable price and build up buffer stocks. Otherwise, the poor agriculturists are at the mercy of the middlemen who are exploiting

[Shri Venugopal Gounder]

the situations. So, I request the Government to see that each and every village should have a regulatory market.

There is another aspect which I would like to touch. Suppose there is a bumper harvest. The theory of supply and demand will operate fully. The producer in the industrial sector is in a position to create an artificial demand so that he is in a position to get more money whereas the agriculturists is not in a position to do so. If the regulated market is operated, then something could be done.

Another important aspect is the distribution of fertilizers to the agriculturists. During the past two years all of a sudden the price of fertilizer Urea had gone up. Without relation to the cost of production of agricultural produce, the prices of fertilizer have gone up. So, the prices of fertilizers should be reduced and they should be distributed to the agriculturists. For proper distribution of fertilizer, it is better that fertilizers are distributed through cooperative agencies or panchayats so that they can be given to needy persons without any delay.

As far as Tamil Nadu is concerned, we are mostly dependent on the vagaries of the monsoon. Sometimes no water is available. Even the available water is subjected to dispute. There is a longstanding dispute between Tamil Nadu and Karnataka relating to Cauvery waters. So the dispute should immediately be settled. I hope the Centre is interested to see that it is amicably settled.

I would like to suggest that river waters in the country should be treated as a national asset. If the river waters become a national asset, then disputes can be averted.

I would like to state that for agriculture, as far as Tamil Nadu is concerned, we are subject to power cuts. The former Chief Minister Mr. Karunanidhi without considering all the aspects diamantled the Samayanallor power plant. He has not constructed another power plant after dismantling it. So we are suffering a lot. Every village in Tamil Nadu is experiencing a power cut for about six months in a year. So, I would like to suggest that as far as agriculturists are concerned, they may be exempted from this power cut. If the power cut is imposed in respect of small and marginal agriculturists, they will be put to a lot of suffering. So, I would like this Government to advise the electricity boards of all State Governments to exempt agriculturists from imposition of power cuts.

श्री यू० एस० पाटिल (लातुर) : डिप्टी स्पीकर साहब, जनता पार्टी के वित्त मंत्री जी ने जो बजट प्रस्तुत किया है, उसमें उन्होंने सही कहा है कि बजट एक ऐसा साधन है जिस से यह ज़ाहिर होता है कि जो आइन्दा आने वाला समाज है, वह किस तरह से प्रस्थावित होगा । यह सही है कि पिछले तीस सालों में देश में कांग्रेस सरकार ने समाजवादी समाज की रचना या समाजवाद लाने की घोषणायें तो की थीं, लेकिन उनकी जो सब से आखरी घोषणा हुई "गरीबी हटाओ", उस को लोगों ने पकड़ लिया कि हम गरीब रहना नहीं चाहते हैं । यह एक बड़ी अच्छी चीज़ है और मौजूदा हुकूमत को आगे खींचने वाली एक ड्राईविंग-फोर्स साबित होगी । लेकिन जैसा मेरे माननीय मित्र मल्हौत्रा जी ने कहा, बल्कि आंकड़े देकर स्पष्ट किया—उन घोषणाओं से समाजवाद तो नहीं आया, लेकिन मौनोपोलिस्टिक इण्डस्ट्रीज़ देश में पैदा हो गई । इस देश में पिछले दिनों में इण्डस्ट्रीयल बैल्ट बहुत बढ़ी है, इतनी ज्यादा बढ़ी है कि आपात-स्थिति के जो आंकड़े बजट में कांग्रेस सरकार ने रखे थे, उस में बहुत ज्यादा कल्सेशन उद्योगपतियों को दिया गया, न सिर्फ इस देश के उद्योगपतियों को, बल्कि अमरीका, जर्मनी और दूसरे देशों के उद्योगपतियों को बुला कर यहां इन्वैस्ट

करने के लिये कहा गया । मल्टी-नेशनल कार्पोरेशन्ज को इन्वीटेशन देकर यहां इन्वैस्ट करने के लिये उस कांग्रेस सरकार ने कोशिश की और जब मोनोपोलिस्ट्स कहीं आम-जाते हैं, थोड़े से लोगों के हाथों में जब पूरी इकानमी चली जाती है तो उस का परिणाम होता है—बेरोजगारी, इन्फलेशन, बेकारी, गुरबत—ये सब चीजें बढ़ जाती हैं ।

आज हमारे देश में यही हालत है—समाजवाद का नाम लिया, लेकिन गुरबत बढ़ी । "जोतनेवाले की जमीन" का स्लोगन दिया गया, लेकिन 1961 से 1971 तक की रिपोर्ट को उठा कर देख लीजिये, देश में मजदूरों की तादाद बढ़ गई है, वे अपनी जमीन को खो बैठे हैं, जोतनेवाले जमीन पर नहीं रहे, वे मजदूर बन गये । आज जनता पार्टी के सामने यही प्राब्लम है । जनता पार्टी किसानों के लिये बहुत कुछ करना चाहती है—लेकिन देहाती जनता को अभी विश्वास नहीं है । जब तक कोई चीज वास्तविक रूप में उन के सामने न हो, उन को रिअलाइज नहीं होता है कि कोई चीज हो रही है । इसी लिये समाजवाद के नाम के साथ-साथ आज गांधी जी के सिद्धान्तों की घोषणायें हो रही हैं । लेकिन मैं आप से यही कहना चाहता हूं कि हमें सिद्धान्तों के झगड़े को छोड़ देना चाहिये, कुछ वास्तविक रूप में कर के दिखाना चाहिये । आप देखिये—डी-सेन्ट्रलाइज्ड इकानमी कांग्रेस का आदर्श था, लेकिन वह डी-सेन्ट्रेलाइज नहीं हुई, बल्कि ज्यादा से ज्यादा सैन्ट्रलाइज होती रही । गांधी जी का सिद्धान्त है कि विलेज सेल्फ-रिलायेंट रूरल कम्यूनिटी बने—इस बात की घोषणा वित्त मंत्री जी ने भी की है । लेकिन आप जानते हैं कि इस वक्त हमारे विलेजेज की 40 परसैन्ट पौपुलेशन बड़े-बड़े औद्योगिक केन्द्रों—बम्बई, दिल्ली, कानपुर जैसे शहरों में जा रही है । आज छोटे किसान और मार्जिनल फार्मर्ज की यह हालत है कि वे जमीन रख नहीं सकते हैं, क्योंकि बैंकों से उन्हें कर्जा नहीं मिलता है और अगर कहीं मिला भी है तो बहुत थोड़ा मिला है । 65 परसेन्ट जो हमारे छोटे किसान हैं, जब तक उन की उपज नहीं बढ़ती है, तब तक उन को जमीन पर काम करने से कोई फायदा नहीं होगा । उन के लिये फाइनेंस का इन्तजाम होना चाहिये, मार्केटिंग का इन्तजाम होना चाहिये, इन्पुट्स के लिये पैसा दिया जाना चाहिये—जब तक ऐसी व्यवस्था नहीं होगी हमारे देश की इकानामी बढ़ नहीं सकती । इस बजट में भी यही कमी है; आप ने घोषणा की है कि हम देहातों में जो कम पैसा दिया जाता है, उन को अधिक देंगे, हम खेती को बढ़ाना चाहते हैं, छोटे किसानों को आगे लाना चाहते हैं । वित्त मंत्री के भाषण के हर पैराग्राफ में इस बात को काफी जगह दी गई है, लेकिन दूसरी तरफ हमारा जो लेबर मूवमेन्ट हो रहा है, बड़े बड़े शहरों की तरफ लोग भाग रहे हैं उस की वजह से हमारी खेती की इकानमी बरबाद होती जा रही है । यह आज से नहीं है—पिछले 30 सालों का नतीजा है । कांग्रेस के पिछले मिनिस्टर्ज और आज के फाइनेन्स मिनिस्टर देखें—यह उन्हीं की लैगेसी है, इस को बदलने की उम्मीद हम करते हैं, जनता पार्टी की कोशिश है कि इस को बदला जाय, लेकिन बदलते वक्त भी इस बजट स्पीच में जो रखा गया है—मैं ऐसा नहीं मानता हूं कि जो घोषणा की गई है, वह किसान को मिल सकेगा ।

अगर आप सरकारी क्षेत्र में जो उद्योग हैं, उन को कम पैसा दें, अगर आप छोटी मछली को बड़ी मछली द्वारा खाने का सिद्धान्त फिर अमल में लाना शुरू कर दें और सिक यूनिट को बड़े यूनिट में मर्ज होने के लिए इन्वेस्टमेंट में कुछ कन्सेशन्ज दें, तो यकीनन इस मुल्क में मोनोपली के ट्रेंड बढ़ जाते हैं । अगर आप का बजट मुट्ठी भर लोगों के, अपनी आमदनी का बहुत बड़ा भाग 10 पर सेन्ट लोगों के हाथों में दे देते हैं, तो 90

[श्री यु० एस० पाटिल]

पर सेन्ट लोगों में गुरबत आ जाती है ।

इसी तरह से मैं यह कहना चाहता हूं कि इन्फ्लेशन को कम करने के जो तरीके इस बजट में अपनाये गये हैं, वे कोई नये तरीके नहीं हैं । रिजर्व बैंक की तरफ से क्रेडिट स्क्वीज की जाती है या एक्सपोर्ट और इम्पोर्ट में बैलैंस रखा जाता है, तो ऐसे मेजर्स वेस्टर्न कन्ट्रीज कई मर्तबा अपना चुके हैं लेकिन उनके कोई रिजल्ट्स नहीं निकले हैं । जब श्री सी० डी० देशमुख फाइनेन्स मिनिस्टर थे, उस वक्त से यह होता चला आ रहा है कि जब कोमोडिटी महंगी हो जाती है, तो रिजर्व बैंक बैंकों को आर्डर करता है कि इतना क्रेडिट कम कर दो और फला फला चीज कर दो । पांच, छः महीने में मार्केट एडजस्ट हो जाता है लेकिन फिर आगे बढ़ जाता है । इमर्जेंसी के जमाने में आपने देखा कि 5, 6 महीने कुछ चीजें डाउन आ गई और वे भी एग्रीकल्चर कामोडिटीज लेकिन इन्डस्ट्रियल कामोडिटीज पर कोई खास असर नहीं पड़ा और वे बढ़ती गई । इस तरह से ये जो मेजर्स लिये गये हैं ये कोई नये नहीं हैं और वही पुराने तरीके हैं जिन को कांग्रेस पिछले 30 सालों से अपनाती आ रही है । अगर जनता के फाइनेन्स मिनिस्टर उन्हीं मेजर्स पर अपनी इमारत रखेंगे, तो मैं नहीं समझ सकता कि इन्फ्लेशन को आप कम कर सकते हैं ।

एक दूसरी बुनियादी चीज यह है कि हमारे मुल्क में छोटे किसानों का बहुत बड़ा मसला है और सिंचाई के लिए पानी की बहुत कमी है । किस तरह से इस को बढ़ाएं, यह देखने की बात है । न सिर्फ यही, बल्कि बैंकिंग का भी कोई सिस्टम नहीं है । आज किसान को खेती के कामों के लिए बैंकों से इतना कर्जा नहीं मिल पाता कि वह उस में उन्नति कर सके । इस के अलावा मार्केटिंग का भी कोई सिस्टम नहीं है । मार्केटिंग में हायस्ट एक्सप्लायटेशन अगर किसी प्रोफेशन का है, तो वह किसानों का है । जब तक इन चीजों की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता है और कैपिटल फार्मेशन नहीं होता है, तब तक यह धंधा आगे नहीं बढ़ सकता है । इंडस्ट्रीज में अगर किसी चीज में नफा नहीं होता है, तो वह सरकार के लिए सिर दर्द हो जाती है । मालिक उस को बन्द कर देता है और कोई दूसरा काम करने लगता है लेकिन किसान का ऐसा प्रोफेशन है कि अगर उस को अपने धंधे में नुकसान भी रहता है, तो भी वह उस को नहीं छोड़ सकता और वह हमेशा सिक रहेगा । अगर उस का प्रोडक्शन जीरो भी हो जाता है, तो भी वह उस धंधे को क्लोज नहीं करता लेकिन इसका इम्पैक्ट पूरी एकोनामी पर पड़ता है । आप के पास कपड़ा है और यहां पर ग्राहक नहीं है, तो आप उस कपड़े को अमेरिका और इंगलैंड भेज देते हैं लेकिन किसान की पैदावार के लिए ऐसा नहीं होता है । अगर उस की प्रोडक्ट के लिए मार्केट नहीं है या ग्राहक नहीं है, तो उस को नुकसान उठाना पड़ता है और इस तरह से उस की परचेजिंग पावर खत्म हो गई है । इस तरह से 70 और 80 फीसदी धंधा जो खेती का है, वह इन 30 सालों में बर्बाद हो चुका है और कांग्रेस सरकार के जमाने में उन के सिद्धान्त चाहे जो भी रहे हों और चाहे जो भी घोषणाएं हुई हों, किसान हमेशा बर्बाद होता रहा है ।

देहातों में अनएम्पलायमेंट बहुत बढ़ गया है । अर्बन में भी यह बढ़ गया है और इस के बारे में मैं सिर्फ इतना ही कहूंगा कि आप के जो ग्रेजुएट और मेट्रीकुलेट लड़के हैं और जो खेती के काम में लगे हैं और जिन के पास तीन, चार या पांच एकड़ जमीन है, उन को सेल्फ एम्पलायमेंट की स्कीम में सौ फीसदी कर्जा देने के लिए आप सोचिये । अगर उस को एक तहसीलदार या दूसरी गजेटेड पोस्ट की तनख्वाह के बराबर उस में इन्कम हो जाती है, तो वह भी शहरों में नौकरी करने के लिये नहीं आएगा । उस को एम्पलायमेंट देने का एक ही जरिया है कि बैंक 100 फीसदी कर्जा उसे दें और कम सूद

पर वह कर्जा दिया जाए और 15, 20 इंस्टालमेंट्स में उस का पेमेंट हो। इस के अलावा जो वह पैदा करता है, उस में उस को 15 पर सेन्ट का फ़ायदा हो, तो आप की अनएम्पलायमेंट की प्राब्लम कुछ सोल्व हो सकती है। इस तरह से जो छोटे किसान हैं, उन के लिए सैल्फएम्पलायमेंट की स्कीम होने की बहुत आवश्यकता है।

जापान की मिसाल यहां पर दी जाती है। बड़ी खुशी की बात है लेकिन मैं आपको यह बता दूं कि जापान में जो सीलिंग है, वह एक यूनिट की 7 एकड़ की मैक्सीमम सीलिंग है। हमारे देश में सीलिंग का झगड़ा अभी भी चल रहा है। आज अगर एक किसान के पास 100 एकड़ जमीन भी है, तो भी उसको खाने को नहीं मिलता है। एक एक किसान के पास 25, 25 और 50, 50 एकड़ जमीन होने पर भी कोई ज्यादा फ़ायदा नहीं हो रहा है। इनटेंसिव कल्टीवेशन अगर हो, तो अच्छा है और जमीन की सीलिंग ऐसी होनी चाहिए कि यह देखा जाए कि एक फैमिली में खेती करने की कितनी कुव्वत है। उसी हद तक आप सीलिंग रखें। इसलिए इस सबन्ध में मैं यही कहूंगा कि दो चीजें आप किसान को जरूर दीजिए, एक तो बैंकिंग फैसिलिटी और दूसरे उसके सामान के लिए मार्केट। जापान कम्युनिस्ट देश नहीं है। उसमें भी 45 के बाद से सात एकड़ जमीन पर सीलिंग है। लेकिन एक एकड़ में हिन्दुस्तान में जितनी मैन पावर लगी है, उससे चार गुना मैन पावर को एम्प्लायमेंट देने की उसमें कुव्वत है। हमारे देश में भी इतनी कुव्वत है लेकिन हमारे देश में प्लान बनाने वाले, प्लानिंग कमीशन यह गलत समझ बैठे हैं कि हम इतनी पापुलेशन को धंधा नहीं दे सकते हैं। वह पापुलेशन को इस तरह से तकसीम कर देते हैं कि अगर पानी होगा तो हम इतने लोगों को धंधा दे सकेंगे, अगर पावर होगा तो इतने लोगों को धंधा दे सकेंगे। अगर हम खेती में इंटेंसिव कल्टीवेशन करते हैं तो हम दस गुना लोगों को एम्प्लायमेंट दे सकते हैं। इसलिए मैं चाहूंगा कि प्लान बनाते समय हमें खेती को अधिक एम्प्लायमेंट देने का साधन बनाना चाहिए। हमें अपने मुल्क के गरीब किसानों और मार्जिनल फार्मर्स की इन्कम भी बढ़ानी चाहिए। मैं यह चाहता हूं कि एक मजदूर को कम से कम पांच से दस रुपए रोजाना मजदूरी मिलनी चाहिए। जब हम देहात में कोई इण्डस्ट्री चलाते हैं, शुगर इण्डस्ट्री लगाते हैं या टैक्सटाइल इंडस्ट्री लगाते हैं तो कम से कम उसको पौने दो सौ या डेढ़ सौ रुपया महीना मिल जाता है। जो भाई गन्ने को पानी देता है उस बिचारे को दो से तीन रुपए रोज मिलता है। इस हालत में तो खेती करने वाले को मजदूर मिलना मुश्किल हो जाएगा। आप जानते हैं कि आज मजदूर की कमी है। अगर आप चाहते हैं कि इरीगेटेड ट्रेक्स के लिए मजदूर मिलता रहे तो आपको अनएजूकेटेड या एजूकेटेड बेकारों को खेती की ओर बढ़ाना चाहिए।

दूसरी चीज, महाराष्ट्र में एक अच्छी चीज हो रही है। वहां एम्प्लायमेंट गारण्टी स्कीम चालू है। इस स्कीम को जरा दुरुस्त करने की जरूरत है। इसमें काफी खामियां और त्रुटियां हैं। वेस्टेड इन्ट्रेस्ट्स के लोगों के हाथ में पावर होने से उसमें अच्छी तरह से काम नहीं लिया जाता। इस स्कीम से हम लोगों को बारह महीने काम दे सकते हैं। कहने वाले लोग कहते हैं कि किसान और मजदूरों के हाथों में पैसा देने से इन्फ्लेशन बढ़ जाता है। इसके मायने क्या हैं? किसान को उसकी तनख्वाह मिल गयी तो इंफ्लेशन बढ़ता है और अगर इस फिलासफी को लेकर हम चलते हैं तो उसको क्या हम मार्जिनल किसान ही रखना चाहते हैं? क्या हमने प्लानिंग इसलिए की है कि गरीब किसान को हम उसका हक न दे सकें, उसको सामर्थ्यवान न बना सकें? वह भी इस मुल्क की जमीन का मालिक बने, कारखाने का हिस्सेदार बने। अगर आप

श्री यू० ए० स० पाटिल : सही मायने में गांधी फिलासफी को जानते हैं तो गांधी जी ने कहा था कि इस देश की जमीन के मालिक सभी लोग हैं, गांव की जमीन का मालिक गांव का आदमी है । यह मुल्क इस देश की जनता का है । मुझे डर है कि जनता पार्टी में भी जो वेस्टेड इन्ट्रेस्ट्स के लोग हैं वे अपने मफ़ाद के लिए गांधीवाद को न चलने देंगे । इससे देश की बर्बादी होगी । हमारा समाज सभी लोगों का है, यह मुल्क भी सभी लोगों का है, इसलिए हमें सभी लोगों को काम देना है । जितने भी इस देश में तालीम याफ्ता नौजवान हैं उन सभी को काम में लगाना है । गांव के हर आदमी को काम में लगाना है । मुझे इस बात की खुशी है कि इलेक्शन के बाद से देश का नौजवान अपने सवालात को हल करने के लिए खड़ा हो गया है ।

अब मैं इस बजट की दो-तीन खामियों की तरफ आपका ध्यान खींचना चाहता हूं । इस वक्त उसके लिए प्राविज़न आपने बहुत कम किया है । अगले साल आप क्या करते हैं इसको देखेंगे । आपको ऐसे कदम उठाने चाहियें ताकि लोगों की परचेजिंग पावर बढ़ सके । देश में प्रोडक्शन जो होता है उसको वे खरीद सकें, उसको बढ़ावा मिले । वर्ना हालत खराब हो जाएगी । आज क्या हो रहा है । काटन आप बाहर से मंगा रहे हैं, तेल आप बाहर से मंगा रहे हैं, अनाज बाहर से मंगा रहे हैं और जो चीज़ें यहां पैदा होती हैं वे यहां बिकती नहीं हैं और उनको बाहर भेजने की कोशिश की जाती है । यह गलत इकोनोमी है । जो कच्चा माल हम को कारखानों के लिए चाहिए वह हमारे देश में ही ज्यादा से ज्यादा ादा होना चाहिए तभी हमारा जो इंडस्ट्रियल बेस है वह मजबूत हो सकता है, पक्का हो सकता है । ऐसा न होने से क्या होता है ? दस नई इण्डस्ट्रीज़ जो स्थापित हो सकती थीं वे स्थापित नहीं होती हैं और इसके बजाय पन्द्रह सिक यूनिट्स की श्रेणी में चली जाती हैं और जब जमा और खर्च का हिसाब लगाया जाता है तो पता चलता है कि हम नुकसान में गए हैं, घाटे में गए हैं । लोगों को आप रोज़गार देने की व्यवस्था करें, उनके लिए काम धंधे देने की व्यवस्था करें, उनकी परचेजिंग पावर को बढ़ाएं, सत्तर परसेंट पापुलेशन जो है उसकी तरफ आप विशेष ध्यान दें, उसका स्तर ऊंचा करें, यही मुझे आप से निवेदन करना है ।

श्री लक्ष्मण राव मानकर (भंडारा) : अर्थ मन्त्री महोदय ने अपने बजट में कुछ बातों को दिशा देने का प्रयास किया है । प्रमुख रूप से उन्होंने बताया है कि इस देश में तीस साल तक जो प्लानिंग हुआ है उस प्लानिंग की वजह से बहुत सी खराबियां पैदा हुई हैं, महंगाई बढ़ी है, बेकारी बढ़ी है । डिफिसिट फाइनेंसिंग करने से हमेशा महंगाई बढ़ती है । इस वास्ते इसको कम करने का प्रयास इस बजट में किया गया है । कुछ बातें इसमें दिशा के रूप में दर्शाई गई हैं । मैं मानता हूं कि कई मदें ऐसी हैं जिनमें और अधिक प्राविज़न करने की आवश्यकता थी । मैं मानता हूं कि जो भी प्राविज़न विभिन्न मदों में किए गए हैं वे काफी नहीं हैं । लेकिन जो एक दिशा, निदेश मन्त्री महोदय ने किया है उसकी सराहना की जानी चाहिए ।

मैं कांग्रेस मित्रों के भाषण सुन रहा था । उन्होंने कहा है कि बजट में स्माल फार्मर्ज़ स्कीम के लिए एग्रीकल्चर लेबर आदि के लिए बहुत कम प्रोविजन किया गया है । मैं मानता हूं कि इसको बढ़ाया जा सकता था । दूसरी मदों पर भी खर्च को बढ़ाया जा सकता था । लेकिन आप देखें कि पिछले साल के बजट में एग्रीकल्चर लेबर के लिए जहां 26 करोड़ का प्राविजन किया गया था इस साल के बजट में 46 करोड़ का किया गया है । ज्यादा प्राविज़न करने का इसमें प्रयास किया गया है । लेकिन ऐसा डिफिसिट फाइनेंसिंग को बढ़ा कर ही किया जा सकता था । कांग्रेस शासन ने पिछले अनेक वर्षों में डिफिसिट फाइनेंसिंग

को खूब बढ़ाया है । ऐसा हम भी कर सकते थे । लेकिन हमने ऐसा करना मुनासिब नहीं समझा ।

यह भी कहा गया है कि स्टेट सैक्टर पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया है । आप देखें कि भिलाई कारखाने के लिए प्राविजन बढ़ा दिया गया है । कारण यह है कि हम चाहते हैं कि पब्लिक सैक्टर आगे बढ़े । जहां तक ग्रामीण क्षेत्रों का सवाल है, वहां बेकारी का सवाल है, खेतीहर किसानों का सवाल है, उनके बारे में इस बजट में एक दिशा देने का प्रयास किया गया है । एग्रीकल्चर बेस्ड और फारेस्ट बेस्ड इण्डस्ट्रीज को बढ़ावा देने की बात इस बजट में कही गई है । ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार मिले इस बात की भी व्यवस्था करने का प्रयास किया गया । यह बहुत सफ़िशियेंट है ऐसा मैं नहीं मानता हूं । किन्तु कुछ बातों की तरफ़ ध्यान देने की आवश्यकता है । जैसे कि जंगलों में अनेक चीजें पैदा होती हैं, मिसाल के लिए लाख है जो जंगलों में पैदा होती है जिसकी वजह से लोगों को उद्योग और जो मजदूरी मिलनी है वह काफ़ी नहीं है । बहुत कम मात्रा में उनको मजदूरी मिलती है । स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन ने जंगलों में रहने वाले आदिवासियों को, जो लाख का काम करते हैं, तीन रुपया देने की बात कही । लेकिन तीन रुपया किसानों को कभी नहीं मिला । लाख से हम को फ़ौरेन एक्सचेंज मिलती है । किन्तु अनेक प्रान्तों में अलग अलग प्रकार की नीति आदिवासियों और गरीबों के लिए रखी जाती है । जिन लोगों का जीवन ही जंगलों मे पैदा होने वाली चीज़ों पर चलता है उन पर ऐसे नियंत्रण डाले गए है जिसकी वजह से आदिवासी लोगों को और जंगलों में रहने वालों को कोई लाभ नहीं मिलता है ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: You can continue later because at two O'clock, we have to take up Calling Attention. Shri Chitta Basu.

---

14 hrs.

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

PRE-ELECTION POLITICAL SITUATION IN JAMMU & KASHMIR AND POSTPONEMENT OF THE ASSEMBLY ELECTION.

SHRI CHITTA BASU (Barasat): Sir, I call the attention of the Minister of Law, Justice and Company Affairs to the following matter of urgent public importance and request that he may make a statement thereon:—

"Pre-election political situation in Jammu and Kashmir and reported postponement of the Assembly election scheduled to be held from June 30 to July 3, 1977."

THE MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI SHANTI BHUSHAN): Mr. Deputy Speaker, Sir, Elections to the Legislature of Jammu and Kashmir are held under the provisions of the Constitution of Jammu and Kashmir and the laws made thereunder. The functions of the Election Commission of India also extend to the elections to the State Legislature. It is open only to the Election Commission to postpone the dates of polling by a notification under section 155 of the Jammu & Kashmir Representation of the People Act, 1957 for reasons which it considers sufficient. As it is, the elections to the State Legislative Assembly are scheduled to be held on June 30, July 2 and 3. These dates were fixed by the Election Commission of India under section 41 of the J & K Representation of People Act, 1957.

There has been considerable resort to violence in the Kashmir Valley in the course of the election campaign for some time now. Several clashes have already taken place between rival political groups.

The present series of incidents of disorder started with Shri Sheikh Abdullah's entry into the Valley early